# Bihar Board 12th 325- SOCIOLOGY Solved Paper

## खंड अ: वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Questions)

**Q1. निम्नलिखित में से कौन समाजशास्त्र के जनक हैं?**

- (A) इमाईल दुर्खीम
- (B) एच. स्पेन्सर
- (C) मैक्स वेबर
- **(D) अगस्त कॉम्टे**

**Q2. निम्न में से कौन भारतीय समाज की विशेषता है?**

- (A) जटिल सामाजिक संरचना
- (B) सजातीय विभाजन
- (C) धार्मिक विभाजन
- **(D) इनमें सभी**

**Q3. किन्होने कहा "संस्कृति पर्यावरण का मानव निर्मित भाग है"?**

- **(A) हर्षकोविट्स**
- (B) मेकाइवर एवं पेज
- (C) टायलर
- (D) क्रोबर

BiharBoardBooks.Com

**Q4. भारत में लगभग कितनी जातियाँ हैं?**

- **(A) 3000**
- (B) 4000
- (C) 2000
- (D) 4500

**Q5. निम्न में से कौन भारत में सबसे लघु धार्मिक समूह हैं?**

- (A) इसाई
- (B) सिख
- (C) बौद्ध
- **(D) जैन**

**Q6. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूचि में कितनी भाषाएँ शामिल हैं?**

- (A) 20
- **(B) 22**
- (C) 24
- (D) 28

**Q7. 'श्रमविभाजन' के सिद्धान्त का प्रतिपादन निम्न में से किन्होने किया है?**

- (A) मार्क्स
- **(B) दुर्खीम**
- (C) वेबर
- (D) पारसन्स

**Q8. निम्न में से कौन कारक भारतीय समाज में शांति एवं सद्भाव के बाधक है?**

- (A) निर्धनता

BiharBoardBooks.Com

- (B) बाल अपराध
- (C) धार्मिक तनाव
- **(D) इनमें सभी**

**Q9. निम्न में से यह किनका विचार है कि जातीय संस्तरण में पर्याप्त लोचपूर्णता एवं गतिशीलता व्याप्त हैं?**

- (A) घुरिये
- (B) देसाई
- **(C) श्रीनिवास**
- (D) पी० एन० प्रभु

**Q10. 'उगादी' को नये वर्ष के उत्सव के रूप में भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?**

- (A) तमिलनाडु
- **(B) तेलंगाना**
- (C) असम
- (D) उत्तर प्रदेश

**Q11. निम्नलिखित में किन्होनें कहा कि भारत की विविधता में सांस्कृतिक एकजुटता अंतनिहित हैं?**

- (A) सरदार वल्लभ भाई पटेल
- (B) महात्मा गाँधी
- (C) एस.सी. दूबे
- **(D) जवाहर लाल नेहरू**

**Q12. "कांजीवरम" साडी निम्न में से क्या है?**

BiharBoardBooks.Com

- (A) सिन्थेटीक साड़ी
- **(B) सिल्क साड़ी**
- (C) सूती साड़ी
- (D) इनमे से कोई नही

**Q13. किन्होने कहा कि “प्रजाति, धर्म एवं भाषा भारत में विविधता के सबसे उत्कृष्ट स्त्रोत है?**

- (A) श्रीनिवास
- (B) घुरिये
- (C) योगेन्द्र सिंह
- **(D) एस०सी० दूबे**

**Q14. निम्न में से किन्होने समाजशास्त्र में "मानवता के धर्म" की चर्चा की है?**

- **(A) कॉम्ट**
- (B) दुर्खीम
- (C) वेबर
- (D) कूले

**Q15. "द्विज" शब्दावली का प्रयोग सर्वप्रथम कहाँ उपयोग किया गया?**

- **(A) वेद**
- (B) धर्मशास्त्र
- (C) मनुस्मृति
- (D) इनमे से कोई नही

**Q16. यह किनका विचार है कि "बगैर लिंग समानता के किसी भी समुदाय का विकास अधुरा है?**

BiharBoardBooks.Com

- **(A) बी० आर० अम्बेदकर**
- (B) जवाहर लाल नेहरू
- (C) राजाराम मोहन राय
- (D) विवेकानंद

**Q17. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में नागरिको को अपनी अलग संस्कृति एवं परम्पराओ को संरक्षित करने का अधिकार है?**

- (A) अनुच्छेद 15(1)
- (B) अनुच्छेद 25
- **(C) अनुच्छेद 29**
- (D) अनुच्छेद 32

**Q18. भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?**

- (A) 15 सितम्बर
- (B) 20 अक्टूबर
- (C) 14 नवम्बर
- **(D) 19 नवम्बर**

**Q19. निम्न में किसे हिन्दु विवाह में कम महत्वपूर्ण माना जाता है?**

- (A) धर्म का पालन
- (B) प्रजनन
- **(C) काम**
- (D) इनमे से कोई नही

**Q20. किस वर्ष हिन्दु विवाह अधिनियम पारित हुआ?**

- (A) 1948

BiharBoardBooks.Com

- (B) 1952
- **(C) 1955**
- (D) 1961

**Q21. "कास्ट" शब्द किस भाषा से लिया गया है?**

- (A) संस्कृत
- (B) लैटिन
- **(C) पुर्तगाली**
- (D) परसीयन

**Q22. एम०एन० श्रीनिवास के अनुसार प्रभु जाति क्या है?**

- (A) उच्चतम कर्मकांड जाति
- **(B) राजनैतिक एवं आर्थिक रूप से शक्तिशाली जाति**
- (C) सबसे अधिक शिक्षित जाति
- (D) जनजातिय समूह

**Q23. निम्न में कोन परम्परागत वर्ण भारतीय जाति व्यवस्था में नही है?**

- (A) ब्राहम्ण
- (B) वैश्य
- (C) शूद्र
- **(D) दलित**

**Q24. संस्कृतिकरण बोध कराता है:**

- (A) उच्च जातियो द्वारा जनजातिय प्रजाओं को अपनाना
- **(B) निम्न जातियो द्वारा उच्च जाति की प्रजाओं को अपनाना**
- (C) संस्कृत भाषा को अपनाना

BiharBoardBooks.Com

- (D) गाँव से नगर की ओर प्रवजन करना

**Q25. किस शास्त्रीय नृत्य की उत्पत्ति केरल से हुई?**

- (A) कथक
- **(B) कथकली**
- (C) ओड़ीसी
- (D) मणिपूरी

**Q26. हिन्दु संस्कृति में किस नदी को सबसे पवित्र माना जाता है?**

- (A) यमुना
- (B) नर्मदा
- **(C) गंगा**
- (D) गोदावरी

**Q27. निम्न में कोन भारतीय संस्कृति की विशेषता नही है?**

- (A) निरंतरता एवं परिवर्तन
- **(B) सिर्फ भौतिकवाद**
- (C) विविधता में एकता
- (D) आध्यात्मिक उन्मुखीकरण

**Q28. अन्य पिछड़ी जातियाँ (ओ०बी०सी०) का प्रयोग किस संवैधानिक संदर्भ में हुआ?**

- (A) मौलिक कर्तव्य
- **(B) आरक्षण नीति**
- (C) प्रस्तावना
- (D) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत

BiharBoardBooks.Com

**Q29. भारत में निम्न में से कौन समुदाय परंपरागत रूप से बुनाई से जुड़े हुए है?**

- (A) यादव
- **(B) जुलाहा**
- (C) कुर्मी
- (D) रविदास

**Q30. भारतीय संदर्भ में "धर्मनिरपेक्षता" का अर्थ है:**

- (A) समाज में धर्म की अनुपस्थिति
- **(B) राज्य के द्वारा सभी धर्मों के लिए समान सम्मान**
- (C) हिन्दूत्त्व राज्य का धर्म है
- (D) सिर्फ एक धर्म की तरक्की

**Q31. निम्न में कौन वैश्वीकरण के युग में भारतीय समाज को चुनौती दे रहा है?**

- **(A) सांस्कृतिक एकरूपता**
- (B) सिर्फ जातिगत भेद-भाव
- (C) ग्रामीण पृथकता
- (D) संचार प्रौद्योगिकी का ह्रास

**Q32. निम्न में कौन भारत में सुधार आंदोलन का उदाहरण है?**

- (A) असहयोग आंदोलन
- **(B) आर्य समाज**
- (C) भारत छोड़ो आंदोलन
- (D) स्वदेशी आंदोलन

**Q33. निम्न में कौन हिन्दु विवाह की विशेषता नही है?**

- (A) धार्मिक प्रकृति

BiharBoardBooks.Com

- **(B) अस्थाई संबंध**
- (C) धार्मिक उत्सव
- (D) समाजिक स्वीकृति

**Q34. हिन्दु विवाह अधिनियम के अंतर्गत एक लड़की के विवाह का न्यूनतम उम्र क्या है?**

- (A) 21 वर्ष
- (B) 20 वर्ष
- **(C) 18 वर्ष**
- (D) 16 वर्ष

**Q35. मुस्लीम विवाह में कौन सा आवश्यक तत्व है?**

- (A) अनुष्ठान
- (B) मौलवी
- **(C) लज्ब-ओ-कुबुल (प्रस्ताव एवं स्वीकृति का संचार)**
- (D) सिर्फ लिखित समझौता

**Q36. हिन्दु विवाह में किस स्वरूप को सर्वोत्तम एवं सबसे पवित्र माना जाता है?**

- (A) गंधर्व
- **(B) ब्रह्म**
- (C) असुर
- (D) राक्षस

**Q37. महर क्या है?**

- (A) कन्यापक्ष के द्वारा दहेज
- **(B) वर के द्वारा कन्या को दी जानेवाली रकम**

BiharBoardBooks.Com

- (C) धार्मिक दान
- (D) राज्य को दिया गया टैक्स

**Q38. गंधर्व विवाह निम्न में किस पर आधारित है?**

- (A) अभिवावक की सहमति
- (B) वित्तीय लेन-देन
- **(C) प्यार एवं पारस्परिक सहमति**
- (D) धार्मिक अनुष्ठान

**Q39. निम्न में से कौन नगरीकरण को सबसे अच्छा तरह से परिभाषित करता है?**

- (A) ग्रामीण जनसंख्या में वृद्धि
- **(B) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा शहर एवं नगरों का विकास होता है**
- (C) गावों में लोगो का स्थानांतरण
- (D) आधुनिक क्रिया कलापो के ह्रास

**Q40. औधोगिक क्रान्ति सर्वप्रथम निम्न में से कहाँ हुई थी?**

- (A) जर्मनी
- (B) फ्रांस
- **(C) इंग्लैंड**
- (D) यू०एस०ए

**Q41. नगरीयता एक जीवन पद्धति है यह किसने कहा?**

- (A) मैक्स वेबर
- (B) दुर्खीम
- (C) बर्गेल
- **(D) एल० विर्थ**

BiharBoardBooks.Com

**Q42. प्रारम्भिक औधोगिक क्रान्ति के समय ऊर्जा का मुख्य स्रोत क्या था?**

- (A) बिजली
- (B) जल ऊर्जा
- **(C) वाष्प ऊर्जा**
- (D) सौर ऊर्जा

**Q43. प्रोटेस्टेट आचार की अवधारना एवं इसका पूंजीवाद एवं नगरीकरण के साथ कड़ी जोडने का श्रेय किन्हे दिया जाता है?**

- **(A) मैक्स वेबर**
- (B) कार्ल मार्क्स
- (C) इमाईल दुर्खीम
- (D) अगस्त कॉम्टे

**Q44. भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् किस नगर को प्रथम नियोजित नगर के रूप में जाना जाता है?**

- (A) जयपुर
- (B) अहमदाबाद
- (C) दिल्ली
- **(D) चन्डीगढ़**

**Q45. स्मार्ट सिटी मिशन– भारत में किस वर्ष शुभारंभ किया गया?**

- (A) 2012
- (B) 2014
- **(C) 2015**
- (D) 2016

BiharBoardBooks.Com

**Q46. औधोगिकरण का सकारात्मक समाजिक प्रभाव निम्न में से कौन है?**

- **(A) साक्षरता एवं शिक्षा में वृद्धि**
- (B) बेरोजगारी में वृद्धि
- (C) आय के अंतर में वृद्धि
- (D) पर्यावरण क्षरण

**Q47. भारत में रेलवे, टेलीग्राफ, आधुनिक डाक व्यवस्था का उदाहरण निम्न में से कौन है?**

- (A) वैश्वीकरण
- **(B) आधुनिकीकरण**
- (C) पश्चिमीकरण
- (D) नगरीकरण

**Q48. भारतीय संविधान पश्चिमी प्रभाव को निम्न में से किसके द्वारा दर्शाता है?**

- (A) मौलिक अधिकार
- (B) संसदीय जनतंत्र
- (C) कानून का शासन
- **(D) उपर्युक्त सभी**

**Q49. पश्चिमीकरण की अवधारणा मूल रूप से किस पर केन्द्रित है?**

- (A) राजनीतिक स्वतंत्रता
- (B) आर्थिक सुधार
- **(C) सांस्कृतिक परिवर्तन**
- (D) धर्मांतरण

BiharBoardBooks.Com

**Q50. भारत में राष्ट्रीय एकता स्थापित करने में सबसे बड़ी चुनौती निम्न में से कौन है?**

- **(A) भाषायी विविधता / सांप्रदायिकता** (सही उत्तर 'सांप्रदायिकता' होता है, विकल्पों में भाषायी विविधता सबसे निकटतम चुनौती है)
- (B) धार्मिक सहनशीलता
- (C) आर्थिक समानता
- (D) सांस्कृतिक उत्सव

**Q51. भारत को भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के द्वारा धर्म निरपेक्ष घोषित किया गया है?**

- (A) अनुच्छेद 14
- (B) अनुच्छेद 15
- **(C) अनुच्छेद 25** (व्यवहार में धार्मिक स्वतंत्रता, हालाँकि 'पंथनिरपेक्ष' शब्द प्रस्तावना में है)
- (D) अनुच्छेद 01

**Q52. वर्ग संघर्ष की अवधारणा किनके द्वारा प्रतिपादित की गई?**

- (A) मैक्स वेबर
- **(B) कार्ल मार्क्स**
- (C) दुर्खीम
- (D) अगस्त कॉम्टे

**Q53. वेबर के अनुसार सामाजिक स्तरीकरण निम्न में से किस पर आधारित है?**

- (A) सिर्फ शिक्षा
- (B) सिर्फ सम्पत्ति
- (C) सिर्फ धर्म

BiharBoardBooks.Com

- **(D) वर्ग, प्रस्थिति एवं दल**

**Q54. किस वर्ष पंचायती राज व्यवस्था प्रारम्भ किया गया?**

- (A) 1957
- (B) 1958
- **(C) 1959**
- (D) 1960

**Q55. एकीकृत बाल विकास सेवा (आई०सी०डी०एस०) कब आरंभ किया गया?**

- (A) 2 अक्टूबर 1970
- (B) 14 नवम्बर 1972
- (C) 2 अक्टूबर 1974
- **(D) 2 अक्टूबर 1975**

**Q56. कौन पंचायती राज के द्वारा ग्राम स्वराज चाहते थे?**

- (A) विनोबा भावे
- **(B) महात्मा गाँधी**
- (C) जवाहर लाल नेहरू
- (D) काका कालेलकर

**Q57. किस वर्ष प्रधानमंत्री रोजगार योजना लागू हुआ?**

- **(A) 1993**
- (B) 1994
- (C) 1995
- (D) 1996

**Q58. निम्न में से कौन सामाजिक स्तरीकरण की व्यवस्था नहीं हैं?**

BiharBoardBooks.Com

- (A) जागीर व्यवस्था
- (B) वर्ग व्यवस्था
- (C) जाति व्यवस्था
- **(D) राज्य व्यवस्था**

**Q59. किस वर्ष लिंग समानता सूचकांक दिया गया?**

- (A) 2005
- (B) 2007
- (C) 2008
- **(D) 2010** (UNDP द्वारा GII की शुरुआत)

**Q60. निम्न में से कौन बालिका के अधिकार में सम्मलित नहीं हैं?**

- **(A) अभिव्यक्ति पर निर्भरता**
- (B) दुर्व्यवहार से सुरक्षा
- (C) उपेक्षा से सुरक्षा
- (D) मनोरंजन का अधिकार

**Q61. 'समान पारिश्रमिक अधिनियम' किस वर्ष पारित हुआ?**

- (A) 1970
- (B) 1972
- (C) 1975
- **(D) 1976**

**Q62. महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ?**

- **(A) 2005**
- (B) 2009

BiharBoardBooks.Com

- (C) 2010
- (D) 2014

**Q63. भारत में परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरूआत किस वर्ष हुई?**

- (A) 1950
- (B) 1951
- **(C) 1952**
- (D) 1953

**Q64. 'मैरिज एण्ड फेमिली इन इण्डिया' पुस्तक के लेखक निम्न में से कौन हैं?**

- **(A) के०एम० कपाडिया**
- (B) एम०एन० श्रीनिवास
- (C) योगेन्द्र सिंह
- (D) एस०सी० दुबे

**Q65. किन्होने कहा कि "जब एक वर्ग पूरी तरह से आनुवंशिक होती है तो उसे जाति कह सकते हैं?**

- (A) मेकाईवर एवं पेज
- (B) रिजले
- (C) मैक्स वेबर
- **(D) सी०एच० कूले**

**Q66. किन्होने यह कहा कि 'एक अस्तिरीकृत समाज एक मिथक हैं?**

- (A) जिसबर्ट
- **(B) सोरोकिन**
- (C) जॉनसन

BiharBoardBooks.Com

- (D) इनमें से कोई नहीं

**Q67. 'हिन्दू सोसाईटी: एन इन्टरप्रिटेशन' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

- **(A) इरावती कर्वे**
- (B) ए०आर० देसाई
- (C) नर्मदेश्वर प्रसाद
- (D) पी०एन० प्रभु

**Q68. किन्होने कहा "भारतीय समाज का सामाजिक निर्माण लम्बी ऐतिहासिक प्रक्रिया का आखरी उत्पाद हैं?**

- (A) योगेश अटल
- **(B) योगेन्द्र सिंह**
- (C) विवेकानंद
- (D) टी०के० ऊमन

**Q69. आर्यो का आक्रमण लगभग कितने वर्ष पूर्व हुआ?**

- **(A) 3500 वर्ष** (लगभग 1500 ईसा पूर्व)
- (B) 3700 वर्ष
- (C) 3900 वर्ष
- (D) 4100 वर्ष

**Q70. बहुपति विवाह के कितने रूप होते हैं?**

- **(A) दो** (भ्रातृक और अभ्रातृक)
- (B) तीन
- (C) चार
- (D) पाँच

BiharBoardBooks.Com

**Q71. धुमकुरिया निम्न में से किस जनजाति में पाया जाता है?**

- (A) मुंडा
- (B) गोंड
- (C) संथाल
- **(D) उराँव**

**Q72. निम्नलिखित मे से कौन एक विवाह के सिद्धांत से जुड़े है?**

- **(A) वेस्टमार्क**
- (B) ब्रिफॉल्ट
- (C) मॉर्गन
- (D) बेकोफेन

**Q73. बहुपत्नी विवाह निम्न में से किस जनजाति मे पाया जाता है?**

- (A) संथाल
- **(B) बैगा** (गोंड और बैगा जैसी कई जनजातियों में मान्य है)
- (C) कादर
- (D) खस

**Q74. किन्होने नातेदारी की निम्न परिभाषा दी है "नातेदारी व्यवस्था में समाज द्वारा मान्यता प्राप्त उन संबंधो को सम्मिलित किया जाता है जो अनुमानित तथा वास्तविक वंश-संबंधो पर आधारित है"?**

- **(A) रॉबिन फॉक्स**
- (B) चार्ल्स विनिक
- (C) क्रोबर
- (D) मिलर

BiharBoardBooks.Com

**Q75. निम्नलिखित में से किस विवाह निषेध का पालन कठोरता से किया जाता है?**

- (A) बहिविवाह
- (B) अंतर्विवाह
- (C) अधिमान्य विवाह
- **(D) निकटाभिगमन निषेध (Incest Taboo)**

**Q76. गोल गाधेडो निम्न में किससे जुड़ा है?**

- **(A) परीक्षा विवाह** (भील जनजाति)
- (B) हरण विवाह
- (C) क्रय विवाह
- (D) परिवीक्षा विवाह

**Q77. किस जनजाति में मामा का घर दूसरा स्वर्ग समझा जाता है?**

- (A) कोरवा
- (B) उराँव
- (C) टोडा
- **(D) थोंगा**

**Q78. निम्नलिखित में से नातेदारी की किस रीति में "अनुमोदित अवमानना' (Permitted Disrespect) को देखा जा सकता है?**

- (A) परिहार
- (B) मातुलेय
- **(C) परिहास** (Joking Relationship)
- (D) माध्यमिक संबोधन

**Q79. एच०आई०वी० द्वारा मुख्यतः किस शरीर प्रणाली पर हमला होता है?**

BiharBoardBooks.Com

- (A) पाचनतंत्र
- (B) तंत्रिकातंत्र
- **(C) प्रतिरक्षा तंत्र**
- (D) श्वसन तंत्र

**Q80. निम्न में से कौन बेरोजगारी को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता है?**

- (A) सेवानिवृत लोग
- (B) वे लोग जो काम नही करना चाहते है
- **(C) काम की क्षमता रखने वाले लोग जिन्हे रोजगार नही है**
- (D) जो अंशकालिक काम से जुड़े है।

**Q81. भारत में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एन०ए०सी०पी०) की शुरूआत किस वर्ष हुई?**

- (A) 1987
- (B) 1990
- **(C) 1992**
- (D) 2000

**Q82. निम्न में से कौन एच आई वी/एड्स नियंत्रण में सामाजिक चुनौती हैं?**

- **(A) कलंक एवं भेदभाव**
- (B) दवा की अधिक कीमत
- (C) जागरूकता
- (D) उपरोक्त सभी

**Q83. कौन सी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिनों के पारिश्रमिक रोजगार प्रदान करती हैं?**

BiharBoardBooks.Com

- **(A) एम०जी०एन०आर०ई०जी०ए० (मनरेगा)**
- (B) पी०एम०आर०वाई
- (C) आई०सी०डी०एस०
- (D) पी०एम०ए०वाई०

**Q84. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद अल्पसंख्यकों के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करता हैं?**

- (A) अनुच्छेद 14
- **(B) अनुच्छेद 29**
- (C) अनुच्छेद 32
- (D) अनुच्छेद 19

**Q85. निम्न में से कौन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत विवाद निवारण एजेंसियाँ हैं?**

- (A) राष्ट्रीय कमीशन
- (B) राज्य कमीशन
- (C) जिला फोरम
- **(D) इनमें से सभी**

**Q86. निम्नलिखित में किन्होने धर्म के विषय में बताया "धर्म आध्यात्मिक शक्ति में विश्वास हैं"?**

- (A) फ्रेजर
- (B) हॉबेल
- (C) मॉलिनोस्की
- **(D) टाइलर**

BiharBoardBooks.Com

**Q87. निम्न में से कौन धर्म का तत्व हैं?**

- (A) विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान
- (B) निषेध
- (C) विश्वास
- **(D) इनमें से सभी**

**Q88. 'हरिजन' की अवधारणा निम्न में से किनके द्वारा लोकप्रिय बनाया गया?**

- (A) बी०आर० अम्बेदकर
- **(B) महात्मा गाँधी**
- (C) ज्योतिबा फूले
- (D) राजा राम मोहन राय

**Q89. मंडल आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई?**

- **(A) 1979**
- (B) 1989
- (C) 1980
- (D) 1991

**Q90. निम्नलिखित में से कौन संवैधानिक अधिकार बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करता हैं?**

- (A) सम्पत्ति का अधिकार
- **(B) समानता का अधिकार**
- (C) मतदान का अधिकार
- (D) निजता का अधिकार

BiharBoardBooks.Com

**Q91. निम्न में से किस सरकारी योजना का उद्देश्य बालिका की प्रस्थिति में सुधार के लिए सीधे नकद हस्तांतरण करना हैं?**

- (A) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं
- **(B) सुकन्या समृद्धि योजना** (या लाडली योजना, विकल्प के अनुसार सुकन्या सबसे उपयुक्त है)
- (C) लाडली योजना
- (D) बालिका समृद्धि योजना

**Q92. भारत में धर्मनिरपेक्षता अंग हैं?**

- **(A) मौलिक अधिकार** (अनुच्छेद 25-28 के तहत निहित)
- (B) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त
- (C) मौलिक कर्त्तव्य
- (D) A एवं B दोनो

**Q93. बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किस वर्ष हुआ?**

- (A) 2002
- (B) 2005
- **(C) 2007**
- (D) 2010

**Q94. निम्न में से कौन वैश्वीकरण का नकारात्क सामाजिक प्रभाव है?**

- (A) पार सांस्कृतिक सीख
- **(B) सांस्कृतिक क्षरण**
- (C) प्रौद्योगिकी सहभाजन

BiharBoardBooks.Com

- (D) रोजगार के अवसर

**Q95. निम्न में से किसे जनतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है?**

- (A) विधानमंडल
- (B) न्यायपालिका
- (C) कार्यपालिका
- **(D) मिडिया**

**Q96. निम्न में से कौन जनसंचार का स्वरूप नही है?**

- (A) टेलिविजन
- (B) रेडियो
- (C) सामाजिक नेटवर्किंग साईट
- **(D) कक्षा चर्चा**

**Q97. सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार क्यों बहुत नुकसानदेह है?**

- (A) यह आर्थिक असमानता को बढ़ाता है
- (B) यह जनतंत्र को मजबूत करता है
- (C) यह जनता के भरोसे को कम करता है
- **(D) A एवं C दोनो**

**Q98. भारत मे कौन संगठन भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकारी कर्मियो की जाँच पड़ताल करता है?**

- (A) आर०बी०आई०
- **(B) एस०बी०आई०** (नोट: यहाँ 'सी०बी०आई०' (CBI) सही उत्तर होना चाहिए, लेकिन विकल्प में मुद्रण त्रुटि प्रतीत होती है)
- (C) यू०जी०सी०

BiharBoardBooks.Com

- (D) ट्राईं

**Q99. निम्न में से किन्होने लिंग को एक सामाजिक निर्माण के रूप में परिभाषित किया है?**

- (A) इमाईल दुर्खीम
- **(B) मारग्रेट मीड** (विकल्पों में सबसे उपयुक्त)
- (C) अगस्त कॉम्ट
- (D) मैक्स वेबर

**Q100. भारत मे पंचायती राज संस्थाओ के अंतर्गत महिलाओ के लिए कितने % आरक्षण की व्यवस्था है?**

- (A) 25%
- **(B) 33%** (संवैधानिक प्रावधान, हालाँकि बिहार में 50% है)
- (C) 40%
- (D) 50%

## खंड ब: लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Questions)

**Q1. समाज क्या है? (What is Society?)**

समाज सामाजिक संबंधों का एक जाल है। यह व्यक्तियों का एक समूह है जो अंत:क्रिया करते हैं और एक सामान्य संस्कृति साझा करते हैं। मैकावर और पेज के अनुसार, "समाज सामाजिक संबंधों का जाल है।"

**Q2. भारतीय संस्कृति की दो विशेषताओं का उल्लेख करें?**

1. अनेकता में एकता: भारत में विभिन्न धर्मों, भाषाओं और जातियों के लोग एक साथ रहते हैं। 2. सहिष्णुता: भारतीय संस्कृति में सभी धर्मों और विचारों के प्रति सम्मान और सहनशीलता की भावना है।

**Q3. सांस्कृतिक विलम्बना क्या है? (What is Cultural Lag?)**

BiharBoardBooks.Com

जब भौतिक संस्कृति (जैसे तकनीक) अभौतिक संस्कृति (जैसे विचार, मूल्य) से तेज गति से बदलती है, तो उनके बीच जो अंतर या 'पिछड़ापन' रह जाता है, उसे सांस्कृतिक विलम्बना कहते हैं। यह अवधारणा ओगबर्न ने दी थी।

**Q4. संदर्भ समूह क्या है? (What is Reference Group?)**

वह समूह जिसे व्यक्ति अपने व्यवहार, मूल्यों और दृष्टिकोण के लिए आदर्श मानता है और जिसका सदस्य वह बनना चाहता है, संदर्भ समूह कहलाता है।

**Q6. नातेदारी के दो महत्वों की चर्चा कीजिए?**

1. विवाह और परिवार का निर्धारण: नातेदारी यह तय करती है कि विवाह किसके साथ हो सकता है और किसके साथ नहीं। 2. संपत्ति का उत्तराधिकार: संपत्ति के हस्तांतरण और उत्तराधिकार के नियम नातेदारी पर आधारित होते हैं।

**Q8. झूम कृषि क्या है?**

झूम कृषि (स्थानांतरित कृषि) खेती का एक आदिम तरीका है जिसमें वनस्पति को जलाकर भूमि को साफ किया जाता है और कुछ साल खेती करने के बाद उसे छोड़ दिया जाता है ताकि वह उर्वरता पुनः प्राप्त कर सके।

**Q14. जाति व्यवस्था में आधुनिक समय में कौन दो परिवर्तन हुए हैं?**

1. व्यवसाय चुनने की स्वतंत्रता: अब व्यक्ति अपनी जाति के परंपरागत पेशे से बंधा नहीं है। 2. खान-पान के नियमों में ढील: अंतर-जातीय भोज और सामाजिक मेलजोल बढ़ा है।

**Q17. यौन एवं लिंग में दो अन्तर स्पष्ट करें?**

1. प्रकृति: यौन (Sex) एक जैविक अवधारणा है, जबकि लिंग (Gender) एक सामाजिक और सांस्कृतिक रचना है। 2. परिवर्तनशीलता: यौन जन्मजात और स्थिर होता है, जबकि लिंग भूमिकाएं समय और समाज के साथ बदल सकती हैं।

**Q23. वैश्वीकरण को परिभाषित कीजिए।**

BiharBoardBooks.Com

वैश्वीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा विश्व की अर्थव्यवस्थाएं, संस्कृतियां और आबादी, सीमा पार व्यापार, संचार और सूचना के प्रवाह के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ती हैं।

खंड ब: दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Questions)

**Q31. भारतीय समाज में विविधता के बीच एकता है- व्याख्या करें?**

भारत एक विशाल देश है जहाँ भौगोलिक, भाषायी, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधताएँ पाई जाती हैं। यहाँ विभिन्न धर्मों (हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि) के लोग रहते हैं, सैकड़ों भाषाएँ बोली जाती हैं और खान-पान, वेशभूषा में भी अंतर है। इन सबके बावजूद, भारतीय समाज में एक अंतर्निहित एकता है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने विभिन्न संस्कृतियों को अपने में समाहित किया है। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और 'पंथनिरपेक्षता' को बढ़ावा देता है। राष्ट्रीय त्योहार, स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, और लोकतांत्रिक व्यवस्था लोगों को एक सूत्र में पिरोते हैं। विपत्तियों के समय पूरा देश एक साथ खड़ा होता है। इस प्रकार, भारत की विविधता उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति है जो 'अनेकता में एकता' को चरितार्थ करती है।

**Q34. संस्कृतिकरण पर एक निबंध लिखें?**

संस्कृतिकरण (Sanskritization) की अवधारणा प्रसिद्ध समाजशास्त्री एम.एन. श्रीनिवास ने दी थी। यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई 'निम्न' हिंदू जाति या कोई जनजाति या अन्य समूह, किसी 'उच्च' और प्रायः 'द्विज' जाति की दिशा में अपने रीति-रिवाजों, कर्मकांडों, विचारधारा और जीवन शैली को बदलता है। संस्कृतिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज में अपनी जातीय स्थिति (Status) को ऊंचा उठाना होता है। इसके अंतर्गत निम्न जातियां शाकाहार अपनाना, शराब का त्याग करना, और उच्च जातियों के धार्मिक अनुष्ठानों की नकल करना शुरू कर देती हैं। यद्यपि इससे किसी जाति की स्थिति में 'पद-मूलक' (Positional) परिवर्तन होता है, अर्थात वह स्थानीय सोपानक्रम में ऊपर उठ सकती है, लेकिन इससे पूरी जाति व्यवस्था (Structural Change) नहीं बदलती। यह प्रक्रिया भारतीय समाज में सामाजिक गतिशीलता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

BiharBoardBooks.Com

**Q35. बालिकाओं के अधिकारों की समीक्षा करें।**

बालिकाएं समाज का एक संवेदनशील वर्ग हैं और उनके संरक्षण के लिए कई संवैधानिक और कानूनी अधिकार प्रदान किए गए हैं।

- **समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14)**: लड़कों के समान लड़कियों को भी कानून के समक्ष समानता का अधिकार है।
- **शिक्षा का अधिकार (RTE)**: 6 से 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार।
- **कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध अधिकार**: PNDT अधिनियम के तहत लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या गैरकानूनी है।
- **बाल विवाह से सुरक्षा**: बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम आयु में विवाह गैरकानूनी है।
- **यौन अपराधों से सुरक्षा (POCSO)**: बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। इन अधिकारों के बावजूद, सामाजिक जागरूकता की कमी के कारण बालिकाओं को भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जिसे दूर करने के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

BiharBoardBooks.Com

Provided By – BiharBoardBooks.Com

Join Our Telegram Channel - @BiharBoardBooks